बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-१४.

विज्ञापन संख्या- BCECEB(Tender)-2024/02 Date : 26.04.2024

लेखन सामग्री एवं कम्प्यूटर स्टेशनरी क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लेखन सामग्री एवं कम्प्यूटर स्टेशनरी क्रय हेतु निम्नांकित शर्त्तों पर मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है;

1. पर्षद द्वारा क्रय की जानेवाली लेखन सामग्री एवं कम्प्यूटर स्टेशनरी से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरणी दिनांक **27.04.2024** से **03.05.2024** तक किसी भी दिन कार्यालय अवधि (सुबह 10 बजे से संध्या 5 बजे तक) में बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद पर्षद, आई.ए.एस.संघ भवन, हवाई अड्डा के निकट, पटना-800014 स्थित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदादाता का कार्यालय शाखा-सह-गोदाम पटना शहर में होना अनिवार्य है ताकि वे 24 घंटे की सूचना में आदेशित सामग्री की आपूर्त्ति सुनिश्चित कर सके ।
3. निविदा में दिया गया सभी सामग्रियों का दर आपूर्ति आदेश निर्गत होने की तिथि से दो वर्ष तक प्रभावी/ अपरिवर्तनीय रहेगा और किसी भी कारण से दर में वृद्धि ना तो की जायेगी और न ही ऐसे किसी आवेदन पर ही बिचार किया जा सकेगा।
4. निविदा दो सीलबन्द लिफाफे में देना होगा । इन दोनों सीलबन्द लिफाफों को एक बड़े सीलबन्द लिफाफे में रख कर उसे भी सीलबन्द करते हुए स्पीड पोस्ट / निर्बंधित डाक / अथवा कोरियर से भेजना होगा । किसी भी स्थिति में निविदा के सीलबन्द लिफाफे पर्षद कार्यालय में हाथो-हाथ प्राप्त नहीं किया जायेगा । बड़े सीलबन्द लिफाफे में निविदादाता द्वारा जो दो अलग-अलग सीलबन्द लिफाफे रखे जायेगें उनमें (i) Technical Bid और (ii) Financial Bid के होंगे ।
   - i. Technical Bid के सीलबन्द लिफाफे में निविदादाता को (1) GST के अंतर्गत Registration का प्रमाण पत्र, (2) पिछले चार वित्तीय वर्षों यथा 2019-2020 से लेकर 2022-2023 के अवधि में से किसी तीन वित्तीय वर्ष में प्रत्येक वर्ष 25 लाख रुपये का Turnover होना आवश्यक होगा। उक्त तीनों वित्तीय वर्ष आयकर विवरणी एवं अंकेक्षित (Audited) लाभ-हानि खता एवं Balance Sheet की प्रति संलग्न करना आवश्यक है। लिफाफे के उपर Bid No.-1, "Technical Bid" एवं विज्ञापन संख्या Bold अक्षरों में अंकित रहेगा।
   - ii. Financial Bid दूसरे सीलबन्द लिफाफा में विहित प्रपत्र में आपूर्ति की जाने वाली प्रत्येक सामग्री के नाम के सामने उसका ब्राण्ड एवं स्पेशिफिकेशन प्रति, अदद एवं दर अंकित रहेगा। सील बन्द Financial Bid के लिफाफे के उपर Bid No.-2, Financial Bid एवं विज्ञापन सं.- Bold अक्षरों में Superscribe रहेगा।
5. i. उक्त Technical Bid और Financial Bid के दो सीलबन्द लिफाफा को एक बड़े लिफाफे में रखा जायेगा। उस लिफाफे के उपर "Bid for Advertisement No. and Name" Superscribed किया जायेगा ।
   - ii. निविदादाता 'Technical Bid' वाले सील लिफाफे में रुपया 50,000/- रु. (पचास हजार) का बैंक ड्राफ्ट जो केनरा बैंक, बुद्ध मार्ग, पटना में देय हो, रखा जाना अनिवार्य होगा । यह Security Money के रूप में पर्षद कार्यालय में निविदा स्वीकृत होने पर जमा रहेगा ।
   - iii. जिन निविदादाताओं के Technical Bid के लिफाफे में रखे कागजातों के जांच के बाद, अगर उनके निविदा स्वीकृत होंगे उन्ही निविदादाता का Financial Bid का लिफाफा खोला जा सकेगा और ऐसे अस्वीकृत निविदा के सम्बन्ध में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा ।
   - iv. जिन निविदाओं को अस्वीकृत घोषित किया जायेगा उनके Security Money के बैंक ड्राफ्ट को वापस कर दिया जायेगा।
6. निविदादाताओं को सरकारी कार्यालय में लेखन सामग्री एवं कम्प्यूटर स्टेशनरी आपूर्त्ति का कम-से-कम तीन वित्तीय वर्षों का अनुभव होना आवश्यक है।
7. सीलबन्द निविदाओं को पर्षद कार्यालय में स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड पोस्ट/ कोरियर से पहुँचने की अंतिम तिथि **11.05.2024** (अपराह्न 2.00 बजे है । इस तिथि और समय के बाद पहुँचनेवाले निविदा / निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जायेगा । अन्य किसी तरीके से प्राप्त निविदा अमान्य होगा । पोस्टल गड़बड़ी के कारण निर्धारित तिथि एवं समय पर नहीं पहुँचने वाले निविदाओं के सम्बन्ध में पर्षद की न तो कोई जिम्मेदारी होगी और न ही इस सम्बन्ध में कोई तर्क स्वीकार किये जायेंगे।
8. निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त निविदाओं को पर्षद के क्रय समिति के समक्ष दिनांक **11.05.2024** को ही 4.00 बजे अपराह्न में खोला जायेगा । उक्त तिथि / समय पर निविदादाता उपस्थित रह सकते हैं।
9. Lower Financial Bid वाला निविदादाता से पर्षद का क्रय समिति यदि चाहे तो rate negotiation कर सकता है।
10. Bid final हो जाने उपरान्त Lower bid वाले को पर्षद के आपूर्ति आदेश निर्गत होने के पश्चात् आदेशानुसार आपूर्ति करनी होगी।
11. बिना कोई कारण बताये, किसी एक निविदा या सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार, परीक्षा नियंत्रक, बी.सी.ई.सी.ई. बोर्ड, पटना को सुरक्षित होगा । ऐसे में निविदादाताओं का कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक